पतीले में काली मिर्च किसने डाली?

जोआना

मम्मा सू और पापा जो का एक बड़ा पुराना खेत था जिसमें हर जगह खरपतवार उगी थी.
उनका एक छोटा सा पुराना घर भी था जिसकी सभी दीवारों का पेंट उखड़ रहा था.
और उनके कई बच्चे थे जो अपने कपड़ों के साइज़ की तुलना में बहुत तेजी से बढ़ रहे थे.
मम्मा सू और पापा जो, कड़ी मेहनत करते थे और बड़ी शान से जीते थे.

एक दिन उन्हें एक पत्र मिला.
उनकी अमीर आंटी टोटी,
उनके घर खाने पर आ रही थीं.

"हम गरीब भले ही हों," मामा सू ने कहा.
"लेकिन हम एक स्वादिष्ट सूप पका सकते हैं.
उस जैसा सूप आंटी टोटी ने अपने जीवन में कभी
नहीं चखा होगा."

"आंटी टोटी एक फैंसी जीवन की अभ्यस्त थीं,"
और उसके कारण पापा काफी चिंतित थे.
"वो हमारे इस फटीचर घर के बारे में क्या सोचेंगी?"

फिर उस काम में सभी ने मदद की. पापा, मीट लेकर आए. सैम ने प्याज और आलू काटे. टोबी और जेन ने गाजर काटीं. फिर उन्होंने वो सब कुछ पानी के साथ एक पतीले में उबालने के लिए रख दिया.

मामा सू ने पतीले को आग पर चढ़ा दिया.

फिर पापा ने कहा, "अब सब कोई अपना-अपना काम करो." उन्होंने सबको अलग-अलग काम बताए.

जब सूप के उबलने की आवाज़ आई,
उस समय मामा सू आँगन में कपड़े धो रही थीं.
तब उन्हें याद आया कि वो सूप में काली मिर्ची
डालना भूल गई थीं.
और काली मिर्च के बिना दुनिया में सबसे
स्वादिष्ट सूप भला कैसे बनेगा?

"सुनो जो!" मामा सू ने कहा.

"ज़रा जाकर पतीले में कुछ काली मिर्च डाल दो?"

"माँ, मैं अभी वो नहीं कर सकता,"

पापा जो ने लकड़ी का ढेर उठाते हुए कहा.

"मैं अभी लकड़ी काट रहा हूं."

"सुनो, सैम!" मामा सू ने कहा.

अब सूप के ज़ोर से उबलने की आवाज़ आ रही थी.

"अरे, सैम!" मामा सू कहा.

"ज़रा जाकर सूप में कुछ काली मिर्च डाल दो?"

"मैं अभी वो नहीं कर सकता, माँ,"

सामने के पोर्च से सैम चिल्लाया.

"मैं खिड़कियों को पॉलिश कर रहा हूं."

"अरे बाप रे!" मामा सू ने कहा,

क्योंकि अब सूप काफी ज़ोरों से उबल रहा था.

"टोबी! जेन!" फिर मामा सू ज़ोर से चिल्लाईं.
"कृपा जाकर पतीले में कुछ काली मिर्च डाल दो?"

टोबी और जेन ने बगीचे में से चिल्लाते हुए कहा,
"माँ, अभी हम वो नहीं कर सकते. अभी हम घास
काट रहे हैं."

"अरे वाह!" मामा सू ने कहा.
लेकिन उनके दोनों हाथों में साबुन के झाग थे,
इसलिए वो बर्तन में काली मिर्च नहीं डाल
सकती थीं.

पर पतीले में लगातार उबलता सूप
मामा सू को परेशान कर रहा था.

थोड़ी देर बाद, पापा जो ने खुद से कहा,

“मैंने अब अपना काम पूरा कर लिया है.

बेहतर यही होगा कि मैं ही बर्तन में काली मिर्च डाल दूं.”

फिर पापा रसोई में गए और

उन्होंने सूप में एक चुटकी काली मिर्च डाल दी.

थोड़ी देर के बाद, सैम ने खुद से कहा,

“मैंने खिड़कियां पॉलिश करने का काम खत्म कर दिया है. अब मैं जाकर बर्तन में काली मिर्ची डाल देता हूँ.”

फिर सैम रसोई में गया और उसने भी सूप में दो चुटकी काली मिर्च डाल दी.

थोड़ी देर बाद, टोबी और जेन ने कहा, "हमने घास की कटाई पूरी कर ली है. चलो अब हम पतीले में काली मिर्ची डालते हैं."

फिर वे दोनों रसोई में गए और उन्होंने उबलते सूप में तीन चुटकी काली मिर्ची डाल दी.

फिर मामा सू खुद रसोई में गयीं और उन्होंने बर्तन में चार चुटकी काली मिर्च डाल दी.

"इससे सूप बड़ा स्वादिष्ट बनेगा," मामा सू ने कहा.

थोड़ी देर के बाद, मामा सू ने खुद से कहा,

"मैंने सभी से सूप में काली मिर्ची डालने को कहा,

और सभी ने "न" में उत्तर दिया था.

बेहतर यही होगा कि मैं खुद इस काम को करूं.

क्योंकि सूप की मात्रा काफी ज़्यादा है, इसलिए मैं

उसमें कुछ ज़्यादा ही काली मिर्ची डालूंगी."

रात के खाने के समय तक, सारे कपड़े धुले थे, घास साफ़ थी, लकड़ी कट गई थीं, खिड़कियां चमक रही थीं, और सूप में से अच्छी महक आ रही थी.

जब तक आंटी टोटी आईं तब तक सबने अपने नए कपड़े पहने थे. सभी को बेहद भूख लगी थी.

सबने आंटी टोटी से हैलो कहा.

उन्होंने आंटी टोटी को बैठने के लिए सबसे अच्छी कुर्सी दी.

उन्होंने आंटी टोटी को बिना दरार वाली सबसे अच्छी प्लेट दी.

और उसके बाद मामा सू ने सूप को बाहर निकाला.

विनम्रता की खातिर सभी चाहते थे कि आंटी टोटी
सबसे पहले सूप को चखें. उन्होंने चम्मच उठाया,
और सूप की एक चुस्की ली!

और, फिर आंटी टोटी ने
एक भयानक चेहरा बनाया!

उन्होंने हवा में एक गहरी सांस ली, और कुछ
पानी पिया, फिर उनकी आँखों से कुछ आँसू बहे.
उसके बाद उन्होंने मेज़ के चारों ओर देखा.

"सूप में मिर्ची किसने डाली है?"
फिर आंटी टूटी ज़ोर से चिल्लाईं.

सबने एक ही बार में जवाब दिया.
"हमने सूप में मिर्ची डाल दी!" मामा सू, पापा जो,
सैम, टोबी और जेन ने एक साथ कहा.

उन्होंने सभी ने सूप को चखा. "बाप रे!!"

फिर उन्होंने आंटी टोटी के चेहरे की ओर देखा.

वो कुछ गुस्सा ज़रूर थीं, लेकिन टोबी और जेन

ने उनके चेहरे पर हल्की सी मुस्कान भी देखी.

फिर वो पहले हल्के से और फिर वो बड़ी ज़ोर से हंसीं!

बहुत जल्द, वहां हर कोई हंस रहा था.

"हम उस सूप को नहीं पी सकते हैं,"
पापा जो ने कहा.

"चलो कुछ और बनाते हैं," मामा सू ने कहा.

"चलो हम अपना प्रसिद्ध आमलेट बनाते हैं,"
आंटी टोटी ने कहा.

आंटी टोटी ने अपने जूते उतारे.

उन्होंने एक एप्रन पहना.

उन्होंने अंडे मांगे.

उन्होंने प्याज माँगा.

उन्होंने धनिया माँगा.

उन्होंने तुलसी, टमाटर, नमक

और काली मिर्च भी माँगी.

"क्या?" "काली मिर्च?"

"माफ़ करें, आंटी टोटी!"

पूरे घर में एक चुटकी भी
काली मिर्च नहीं बची है.
हे भगवान!

समाप्त